# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती

## आदेश

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती द्वारा पत्रांक 210/डी0एल0एस0ए0–श्रावस्ती दिनांकित 02.11.2021 के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के कार्यालय हेतु तृतीय श्रेणी कर्मचारी का 01 पद लिपिक (संविदा) के आधार पर दिनांक 28.02.2022 तक के लिए नियुक्ति हेंतु विज्ञप्ति जारी की गयी थी, कतिपय कारणो से विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रो मे प्रकाशित नही हो सकी थी, इस कारण आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06.12.2021 तक विस्तारित की जाती है। उक्त पद हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 19.12.2021 नियत की जाती है।

20.11.2021

साकेत बिहारी "दीपक"
अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/
जनपद न्यायाधीश,
श्रावस्ती।

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकारण, श्रावस्ती

districts.ecourts.gov.in/shravasti

पत्रांक– 210/DLSA श्रावस्ती

**विज्ञप्ति**

दिनांक– 02.11.2021

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र सं0 2150/एसएलएसए 37/2013 दिनांक– 01.09.2021 के अनुपालन के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती द्वारा संचालित मध्यस्थता केन्द्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के कार्यालय में सृजित तृतीय श्रेणी कर्मचारी(कनिष्ठ लिपिक) के 1 पद मासिक पारिश्रमिक 10730/– रूपये की दर से संविदा के आधार पर दिनांक 28.02.2022 तक के लिए नियुक्ति की जानी है।

उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थीगण से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अधिक जानकारी व नियत आवेदन प्रारूप हेतु जनपद न्यायालय श्रावस्ती की वेबसाइट districts.ecourts.gov.in/shravasti अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय श्रावस्ती के नोटिस बोर्ड पर देखें।

**पात्रता–**

1– आवेदक कम से कम इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण हो।

2– आवेदक आवेदन करने की तिथि को DOEACC सोसाइटी द्वारा CCC प्रमाण पत्र प्राप्त हो।

3– आवेदक हिन्दी भाषा में कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट अथवा अंग्रेजी भाषा में कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट कम्प्यूटर पर टाईप करने की योग्यता रखते हो। ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में टाइप व आशुलेखन का ज्ञान हो उन्हें वरीयता दी जायेंगी।

4– आवेदक की आयु दिनांक 01.07.2021 को 18 से 40 वर्ष के मध्य हो ।

5– ऐसे व्यक्ति आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे, जिनके विरूद्ध कोई अपराधिक वाद/जाँच लम्बित हो अथवा किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया हो।

**आवेदन प्राप्ति का अन्तिम दिनांक–**

आवेदक अपना आवेदन नियत प्रारूप पर सुस्पष्ट लेख में भर कर आवश्यक प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां सहित **कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती–271831** में दिनांक 20.11.2021 को सायं 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर अपना पंजीयन कर सकते हैं।

**आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने हेतु अपेक्षित प्रपत्र**

1– शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां।

2– जन्मतिथि प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

3–. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

4– निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

5– दो पासपोर्ट साईज स्वप्रमाणित नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ (एक आवेदन में नियत स्थान पर लगाया जाना है एवं एक आवेदन के साथ संलग्न किया जाना है।)

6– अभ्यर्थी अपने नाम व पता का 2 लिफाफा जिस पर 27/ रू0 का टिकट लगा हो संलग्न करे।

**परीक्षा हेतु नियत स्थान व दिनांक–**

पंजीकृत अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु दिनांक 30.11.2021 को प्रातः 10 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती में उपस्थित हो। परीक्षा स्थल पर आने जाने हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं होगा।

अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये समस्त प्रपत्रों की मूल प्रतियां परीक्षा के समय साथ लेकर उपस्थित हों ।

02.11.2021

**जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,**
**श्रावस्ती।**

विज्ञप्ति की एक एक प्रति मय आवेदन प्रारूप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती एवं नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय श्रावस्ती के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये, जनपद न्यायालय श्रावस्ती एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाये तथा जिला सूचना अधिकारी श्रावस्ती के माध्यम से उक्त आशय की सूचना जनपद के समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायी जाये।

02.11.2021

**जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,**
**श्रावस्ती।**

## जिला विधिक सेवा प्राधिकारण, श्रावस्ती
## कनिष्ठ लिपिक के पद के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वप्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटोग्राफ चिपकएं।

1. अभ्यर्थी का नाम ............................................
2. पिता/पति का नाम ............................................
3. जन्म तिथि– (अंकों में) ............................................
   (शब्दों में) ............................................
4. आयु आवेदन की तिथि पर वर्ष.............माह.............दिन...............
5. स्थायी पता– ............................................
   ............................................
6. वर्तमान पता– ............................................
   ............................................
7. मोबाइल नम्बर ............................................
8. ई–मेल आईडी यदि हो ............................................
9. वर्ग ............................................
10. लिंग (पुरुष/महिला/अन्य)............................................
11. वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित)............................................
12. शैक्षिक योग्यता–

| क0सं0 | परीक्षा उत्तीर्ण | बोर्ड/विश्वविद्यालय | वर्ष | श्रेणी | अंकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाईस्कूल/समकक्ष | | | | |
| 2. | इण्टरमीडिएट/समकक्ष | | | | |
| 3. | स्नातक | | | | |
| 4. | अन्य | | | | |

### उद्घोषणा–

मैं उद्घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन में दिया गया समस्त विवरण मेरी जानकारी में सही व सत्य है, इसमें कोई बात छिपायी नहीं गयी है। मैंने सभी नियम शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है, जो मुझे स्वीकार्य है। यदि किसी स्थिति में यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा उद्घोषित तथ्य गलत पाये जाते हैं, तो बिना किसी अन्य कारण के मेरी संविदा पर नियुक्ति निरस्त की जा सकती है।

संलग्नक–

दिनांक–

स्थान–

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर